डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 145 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार, 03 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रूपये

## वक्फ कानून के खिलाफ 'लाइट बंद करो' अभियान

### ओवैसी सहित मुस्लिम नेताओं ने देशभर में 15 मिनट लाइट ऑफ करके विरोध जताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बुधवार को 'लाइट बंद करो' अभियान के तहत प्रदर्शन किया। एआईएमआईएम चीफ




असदुद्दीन ओवैसी समेत देशभर के मुस्लिम नेताओं ने रात 9 बजे से 9.15 बजे तक घर-दुकान और ऑफिस में लाइट ऑफ करके विरोध जताया। मुस्लिम बोर्ड ने कहा- वक्फ कानून अन्यायपूर्ण, अलोकतांत्रिक और इस्लामी सिद्धांतों के खिलाफ है। यह मुस्लिम समुदाय के अधिकारों और धार्मिक संपत्तियों में सरकार की दखलअंदाजी को बढ़ावा देगा। यह सिर्फ एक समुदाय का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का मुद्दा है।

## बारात लेकर अस्पताल पहुंचा दूल्हा, ओपीडी में लिए सात फेरे

### दुल्हन को गोद में उठाकर निभाई शादी की रस्में, अगला शुभ मुहूर्त दो साल बाद था



**राजगढ़ (एजेंसी)।** एमपी के राजगढ़ जिले के ब्यावरा में अक्षय तृतीया पर एक अनोखी शादी देखने को मिली। दूल्हा बारात लेकर किसी मैरिज गार्डन या घर नहीं, सीधे अस्पताल पहुंचा। यहां भर्ती अपनी मंगेतर को गोद में उठाकर सात फेरे लिए। ओपीडी वार्ड में शादी की सारी रस्में निभाई गई। दरअसल, ब्यावरा की परम सिटी कॉलोनी में रहने वाले ठाकुर



वीरेंद्र सिंह बैस के बेटे आदित्य सिंह की शादी 30 अप्रैल को कुंभराज के रहने वाले ठाकुर बलवीर सिंह सोलंकी की बेटी नंदिनी से तय थी। शादी से 7 दिन पहले नंदिनी की तबीयत बिगड़ गई थी। तब से वह एक नर्सिंग होम में भर्ती थी। दोनों परिवारों ने अस्पताल में ही शादी करवाने का फैसला लिया, क्योंकि अगल मुहूर्त दो साल बाद का था। नंदिनी को पहले कुंभराज और बीनागंज के अस्पतालों में दिखाया गया, लेकिन हालात गंभीर होने पर ब्यावरा के पंजाबी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। यहां वह धीरे-धीरे रिकवर हो रही थीं, परंतु डॉक्टरों ने उन्हें सख्त बेड रेस्ट की सलाह दी थी। ऐसे में परिवार ने फैसला लिया कि विवाह को अस्पताल में ही कराया जाए।

## भाजपा MLA की विधायकी खत्म, HC ने तीन साल कैद की सजा को रखा बरकरार

जयपुर (रॉयल पत्रिका) | झालावाड़ के अंता से बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की विधायकी पर संकट खड़ा हो गया है। हाईकोर्ट ने करीब 20 साल पुराने मामले में एडीजे अकलेरा, झालावाड़ द्वारा सुनाई गई तीन साल की सजा को बरकरार रखा है। ऐसे में अब उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। जनप्रतिनिधि कानून 1951 के तहत दो साल से ज्यादा की सजा होने पर सदस्य अयोग्य हो जाता है।

जानकारी के मुताबिक, कंवरलाल मीणा को झालावाड़ जिले की एडीजे अकलेरा कोर्ट ने राजकार्य में बाधा डालने, सरकारी अधिकारियों को डराने-धमकाने और सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ करने का दोषी मानते हुए 14 दिसंबर 2020 को तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ विधायक ने हाईकोर्ट में अपील की थी। लेकिन अब हाईकोर्ट ने भी विधायक की निगरानी याचिका को खारिज करते हुए




उनकी सजा को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट ने कहा कि घटना के समय याचिकाकर्ता ने स्वयं को एक राजनीतिक व्यक्ति होना बताया। उस स्थिति में उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह कानून व्यवस्था को चुनौती देने की बजाए उसे बनाए रखने में सहयोग करे। लेकिन यहां पर उन्होंने दोबारा वोटिंग की मांग करते हुए एसडीएम की कनपटी पर पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी दी। वीडियोग्राफर की कैसेट निकालकर उसे तोड़ दिया। जबरन प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी का डिजिटल कैमरा कब्जा लिया, जिसे बाद में वापस किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अपराध से कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित होती है। आमजन और लोक सेवकों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है, उनका मनोबल गिरता है।

अदालत ने कहा कि इस घटना से पूर्व याचिकाकर्ता के खिलाफ 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुके थे। हालांकि अधिकांश में उसका दोष मुक्त होना बताया गया है। लेकिन फिर भी उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि को यहां पर नजरअंदाज किया जाना उचित नहीं है।

आरोपी के वकील मनीष गुप्ता का कहना था कि घटना के दो दिन बाद काल्पनिक तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। 11 में से आठ गवाह बयानों से मुकर गए। मौके पर उपस्थित थानाधिकारियों और पुलिस अधीक्षक ने भी उसी समय मामला दर्ज नहीं किया और न ही उन्होंने घटना की पुष्टि की। याचिकाकर्ता को राजनीतिक कारणों से गलत तरीके से फंसाया जा रहा है।

इसी कारण से ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दो अप्रैल 2018 को दोषमुक्त किया था। लेकिन अपील कोर्ट ने बिना किसी उचित आधार के आंशिक रूप से अपील स्वीकार करते हुए इन्हें दोषी करार दिया, जो विधि सम्मत नहीं है। हाईकोर्ट मीना की ओर से पेश दलील को मानने से इनकार करते हुए सजा के आदेश को बहाल रखा है।



## अजमेर के होटल में आग, बच्चे सहित चार जिंदा जले

### मां ने मासूम को खिड़की से फेंका, चौथी मंजिल से कूदा युवक


**अजमेर (एजेंसी)।** अजमेर के होटल में लगी आग में 4 साल के बच्चे सहित 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें एक महिला भी शामिल है। डेढ़ साल के बच्चे सहित 4 लोग झुलसे हैं। इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महज 30 मिनट में आग ने पूरे होटल को चपेट में ले लिया था। उधर, तेजी से फैलती आग की चपेट में एक अन्य बच्चा भी आ गया था। मां ने उसे उठाकर खिड़की से नीचे फेंक दिया। आग से बचने के लिए एक युवक चौथी मंजिल से कूद गया। डिग्गी बाजार स्थित नाज



होटल में सुबह करीब 8 बजे आग लगी। देखते ही देखते आग होटल की 5वीं मंजिल तक पहुंच गई। होटल में बड़ी संख्या में जायरीन ठहरे हुए थे। करीब साढ़े तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल सामरिया ने बताया- झुलसे हुए आठ लोग लाए गए थे। इनमें से चार की मौत हो गई। 4 की हालत गंभीर है। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। 15 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर लाया गया है। हॉस्पिटल में एडमिट चार में से एक व्यक्ति 90 प्रतिशत तक झुलस गया है। बाकी तीन 50 और 60 प्रतिशत तक झुलसे हैं। होटल तक पहुंचने का रास्ता संकरा है। इसलिए बचाव कार्य में काफी परेशानी आ रही है।

## टूरिस्ट ने कचरा फेंका तो 1500 का कटेगा चालान

### हिमाचल सरकार के दो नियम लागू, गाड़ी में डस्टबिन नहीं रखने पर 10 हजार का जुर्माना



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल सरकार ने पहाड़ों को साफ-सुथरा बनाने के लिए 2 निर्णय लिए हैं। पहला- सभी कॉमर्शियल व्हीकल में डस्टबिन अनिवार्य किया गया है। दूसरा- पर्यटन स्थलों और पहाड़ों पर कचरा फेंकने वालों के चालान काटे जाएंगे। ये दोनों नियम 29 अप्रैल से लागू हो गए हैं। अब जिस टैक्सी, टैम्पो ट्रेवलर, प्राइवेट व सरकारी बस और बाहरी राज्यों के कॉमर्शियल वाहनों में डस्टबिन (कूड़ेदान) नहीं होगा, उसके मालिक को 10 हजार रुपए जुर्माना भरना होगा।


वहीं, जो टूरिस्ट पहाड़ों पर या टूरिस्ट प्लेस को गंदा करेगा, उस पर 1500 रुपए का जुर्माना लगेगा। यह पेनल्टी स्थानीय लोगों पर भी लागू होगी। बता दें कि हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर देश और विदेश से हर साल डेढ़ से 2 करोड़ टूरिस्ट पहुंचते हैं। इनमें ज्यादातर टूरिस्ट टैक्सी, वॉल्वो बसों और टैम्पो ट्रैवलर से आते हैं।

# ये क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड का सही समय

● पीएम बोले-'वेव्स' सिर्फ एक छोटा सा नाम नहीं है, ये एक लहर है ● मुंबई में डब्ल्यूएवीई समिट को प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित ● कहा-यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म, जहां युवाओं को मिलेगा बड़ा मौका

**बोले-युवा एक आइडिया के जरिए क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ेगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (डब्ल्यूएवीई) को संबोधित करते हुए कहा, आज मुंबई में 100 से अधिक देशों के आर्टिस्ट, इंवेस्टर्स और पॉलिसी मेकर्स एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां ग्लोबल टैलेंट और ग्लोबल क्रिएटिविटी के एक ग्लोबल इको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है। पीएम ने कहा- डब्ल्यूएवीई ये सिर्फ एक छोटा सा नाम नहीं है। ये एक लहर है- कल्चर की, क्रिएटिविटी की, यूनिवर्सल कनेक्ट की। यह एक ऐसा ग्लोबल प्लेटफॉर्म है, जो आप जैसे हर आर्टिस्ट, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए आइडिया के साथ क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा- आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्म-जयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।



● **ये क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड का सही समय** - लाल किले से मैंने 'सबका प्रयास' की बात कही है। आज मेरा ये विश्वास और पक्का हो गया है कि आप सभी का प्रयास आने वाले वर्षों में वेव्स को नई ऊंचाई देगा। ये क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड का सही समय है। आज जब दुनिया स्टोरी-टेलिंग के नए तरीके ढूंढ रही है। तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना टाइमलैस है, थॉट प्रो-वॉकिंग और टूली ग्लोबल है। मोदी बोले- ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। कंटेंट, क्रिएटिविटी और कल्चर, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

## रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं

● शरबत मामले में हाईकोर्ट बोला, अवमानना नोटिस जारी, कोर्ट में पेश होना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को बाबा रामदेव पर तीखी टिप्पणी की। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं। बाबा रामदेव में हमदर्द कंपनी के रूह अफजा को लेकर शरबत जिहाद कहा था। जस्टिस बंसल ने ये भी कहा, पिछले आदेश के मद्देनजर उनका हलफनामा (एफिडेविट) और यह वीडियो प्रथम दृष्टया अवमानना के अंतर्गत आते हैं। मैं अब अवमानना नोटिस जारी करूंगा। हम उन्हें यहां बुला रहे हैं। इससे पहले 22 अप्रैल को हाईकोर्ट ने रामदेव को दिए आदेश में कहा था- हमदर्द उत्पादों को लेकर न तो कोई बयान दें और न ही कोई



वीडियो शेयर करें। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है।

## पाकिस्तान ने भारत भेजे 150 अफगान ट्रकों को दी इजाजत

**अमृतसर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक अहम फैसला लेते हुए अफगानिस्तान से भारत जा रहे 150 ट्रकों को वाघा सीमा पार करने की इजाजत दे दी है। यह फैसला इस्लामाबाद स्थित अफगानिस्तान के दूतावास के अनुरोध पर लिया गया है। हालांकि, अब इस बात पर संदेह है कि भारत उन्हें वाघा के रास्ते अटारी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पार करने की इजाजत देगा या नहीं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक पत्र में बताया गया है कि ये अफगान ट्रक 25 अप्रैल 2025 से पहले पाकिस्तान में दाखिल हुए थे और देश के विभिन्न ट्रांजिट पॉइंट्स पर फंसे हुए थे। इन ट्रकों में माल भरा हुआ है जिसे ट्रांजिट में भारत ले जाया जा रहा है। पाकिस्तान सरकार ने इस फैसले को अफगानिस्तान के साथ 'भाईचारे के संबंधों' के दृष्टिगत लिया है। अफगान दूतावास द्वारा उपलब्ध कराई गई 150 ट्रकों की सूची संबंधित प्राधिकरणों को भेज दी गई है। ट्रक फंसे हुए हैं तो उनकी जानकारी भी जल्द साझा की जाएगी।

## पहलगाम आतंकी हमले की नहीं होगी न्यायिक जांच

● सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को जमकर लगाई फटकार, खारिज की याचिका ● कहा-इससे सुरक्षाबलों का मनोबल गिरता है, ऐसी अर्जियां कोर्ट में मत लाइए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच से इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकारा। कोर्ट ने कहा कि, यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा



काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा, स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आज हाईकोर्ट जा सकते हैं। इसके बाद तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने याचिका वापस ले ली।


**पांच तरीकों से पाक पर 'स्ट्राइक' करेगी भारतीय सेना**

# पहलगाम हमले के बदले का 'ऐक्शन' प्लान तैयार

● भारत में बैठकों का दौर जारी, पाकिस्तान पर होगा तगड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कूटनीतिक दांव के जरिए लगातार पड़ोसी मुल्क पर स्ट्राइक में जुटी है। वहीं पाकिस्तान को डर इस बात का है कि भारत आने वाले दिनों में उस पर सैन्य कार्रवाई भी कर सकता है। ऐसा ही दावा खुद पाकिस्तान के मंत्री भी कर रहे हैं। भले ही पड़ोसी मुल्क की ओर से बयानबाजी जारी हो लेकिन भारत सरकार हड़बड़ी में कोई फैसला नहीं लेना चाहती है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा राजनाथ सिंह लगातार बैठकें कर रही हैं। यही नहीं पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमिटी ऑफ सिक्योरिटी की एक हफ्ते में दूसरी बैठक भी हुई।

**पाकिस्तान पर स्ट्राइक की सेना की फुल तैयारी-** पहलगाम को लेकर जिस तरह से केंद्र सरकार अलर्ट मोड पर है और पीएम मोदी ने भारतीय सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए फ्री हैंड दिया है, वो सामान्य बात नहीं है। भारत के इसी रुख की वजह से पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। चर्चा तो ये भी कि भारतीय सेना ने पहलगाम हमले पर ऐक्शन को लेकर पूरा प्लान तैयार कर लिया है।



### पाकिस्तान को डराकर रखने का है प्लान!

अब सवाल यह नहीं है कि भारत सैन्य कार्रवाई करेगा या नहीं। सवाल यह है कि कब करेगा। फिलहाल केंद्र सरकार पाकिस्तान को डरा कर रखना चाहती है। यही वजह है कि भारत लगातार कूटनीतिक दांव से उस पर चोट कर रहा है। दुनिया के दूसरे देशों के सामने पाकिस्तान की सच्चाई को पेश करके भारत उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की रणनीति पर काम कर रहा है। केंद्र चाहता है कि पाकिस्तान पर सीधे अटैक से पहले डिप्लोमैटिक चैनल्स से घेरा जाए।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## चीन की चाल

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन स्टेटमेंट देखकर लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है।

कमजोर भाषा: पहलगाम पर UNSC के बयान की भाषा बेहद कमजोर रही, 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया।

दोहरा रवैया: आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता।

वीगर मुस्लिमों का मसला: ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है।

कमजोर पड़ता पाकिस्तान: भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव - चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी।

# वक्फ बिल पर नीतीश ने BJP का साथ क्यों दिया

अपनी छवि और राजनीति को करीने से साधने वाले नीतीश कुमार ने चुनावी साल में बोल्ड डिसीजन लिया है, जो चर्चा का विषय बन गया है। अब तक जानकारों का मानना था कि चुनावों के मद्देनजर JDU मुस्लिम वोटर्स को नाराज नहीं कर सकती, इसलिए वह ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ती, जहां उसे मुस्लिम वोटर्स को साधने की जरूरत महसूस होती है।




बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव हैं। 2023 की जातीय गणना के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में 17.7% मुस्लिम हैं। जिनका राज्य के करीब 47 सीटों पर प्रभाव है। ऐसे में नीतीश कुमार ने वक्फ बिल पर मोदी का साथ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पार्टी अध्यक्ष ने अपने सांसदों को स्पष्ट संदेश दिया कि आप मुस्लिम वोटों की चिंता ना करें।

**सबसे पहले जानिए, भाजपा ने नीतीश को कैसे भरोसे में लिया**

बिल के मूल ड्राफ्ट में प्रावधान था कि नया कानून लागू होने के 6 महीने के अंदर एक सेंट्रल पोर्टल पर सभी वक्फ प्रॉपर्टीज का रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। 6 महीने बाद प्रॉपर्टी को लेकर कानून के तहत कोर्ट में कोई सुनवाई नहीं की जा सकेगी। JDU के सांसद दिलेश्वर कामत ने इस प्रावधान में संशोधन का सुझाव दिया था, जिसे JPC ने स्वीकार कर लिया। अब वक्फ ट्रिब्यूनल किसी वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन की टाइमलाइन बढ़ा सकता है। इसके लिए प्रॉपर्टी के मुतवल्ली यानी केयरटेकर को ट्रिब्यूनल के सामने इसकी उचित वजह बतानी होगी। भाजपा की टॉप लीडरशिप ने बिल के एक-एक पॉइंट को क्लियर किया। शाह ने ललन सिंह और संजय झा के साथ मीटिंग की। सूचना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अपने हाल के बिहार दौरे के दौरान नीतीश कुमार से बात की। उनको समझाया कि बिल गरीब और पसमांदा मुसलमानों के पक्ष में है। वो बिल पारित होने के बाद हमारे साथ आ सकते हैं।

**1. मुस्लिमों के लिए काम किया, लेकिन उन्होंने साथ नहीं दिया**

2013 में नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी के विरोध में 17 साल पुराना NDA का गठबंधन तोड़ दिया। 2014 लोकसभा चुनाव उन्होंने अपने दम पर लड़ा। उन्हें उम्मीद थी कि अपने कोर वोट बैंक के अलावा मुस्लिमों का भी साथ मिलेगा, लेकिन ये उनका भ्रम साबित हुआ। उन्होंने 38 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे, लेकिन मात्र 2 सीट ही जीत सके। इनमें एक नालंदा और एक पूर्णिया की सीट थी। बाकी 36 सीटों पर उनकी हार हो गई।

JDU सूत्रों की मानें तो उसी साल से नीतीश कुमार का दिल टूट गया था। नीतीश कुमार ने वक्फ संशोधन बिल पर खुलकर सरकार को समर्थन करने की अपनी सहमति दे दी थी। उनका मानना था कि हम उनके लिए काम करते हैं, लेकिन वे हमारा सपोर्ट नहीं करते हैं।

जदयू के एक नेता ने दैनिक भास्कर को बताया कि पॉलिटिक्स करने के लिए कपड़ा जरूरी है न। ऐसे में जो पार्टी हमें पद और कद दोनों दे रही है, हम उनके एजेंडे का विरोध क्यों करें। इसलिए हमारे नेतृत्व ने इस बिल पर सपोर्ट देने का निर्णय लिया।

**2. JDU मान चुकी है उसे मुस्लिम वोट नहीं मिलने वाला**

JDU के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नीतीश कुमार ने 2005 से लेकर अब तक बहुत प्रयास किया कि उन्हें मुस्लिम वोट मिले। 2010 तक थोड़ा बहुत सपोर्ट मिला भी। इसके बाद मुस्लिम इनसे दूर होते चले गए।

ऐसे में अब JDU की टॉप लीडरशिप ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि बिहार में मुस्लिम वोट एकतरफा है। ये कुछ भी कर लें, बीजेपी से अलग हो जाएं, आरजेडी के साथ आ जाएं। इन्हें मुस्लिम वोट नहीं मिलने वाला है। ऐसे में इन्होंने बीजेपी को साथ देने का निर्णय लिया।

CSDS-लोकनीति के पोस्ट-पोल सर्वे 2020 के मुताबिक, RJD और कांग्रेस के महागठबंधन को 75% मुस्लिम वोट मिले थे। वहीं, BJP और JDU वाले NDA को 5% और चिराग पासवान की पार्टी LJP (रामविलास) को 2% मुस्लिम वोट मिले।

**3. कमजोर नीतीश को 2025 के लिए बीजेपी का साथ जरूरी**

2020 विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी तीसरे नंबर की बन गई थी। 2005 विधानसभा चुनाव के बाद ऐसा पहली बार हो रहा था जब नीतीश कुमार को बीजेपी से भी कम सीटें हासिल हुई थीं। इसके लिए सबसे बड़ा जिम्मेदार चिराग पासवान को माना गया।

2020 के चुनाव के बाद नीतीश कुमार भले सीएम बने रहे, लेकिन उन्हें दो बार पाला बदलना पड़ा। पहले बीजेपी का साथ छोड़कर वे राजद के साथ गए। इसके बाद दोबारा वे बीजेपी के साथ आए।

बिहार में अगले 6 महीने में विधानसभा का चुनाव होना है। नीतीश कुमार की सेहत पर पहले से ही सवाल उठ रहे हैं। जदयू को बिहार में अपनी स्थिति को मजबूत रखने के लिए एक पुराने और भरोसेमंद साथी की जरूरत है। ऐसे में बीजेपी से ज्यादा भरोसेमंद उनके लिए कोई और पार्टी नहीं हो सकती है।

**2015 के बाद से मुस्लिमों का नीतीश कुमार से मोहभंग**

बात 2024 लोकसभा चुनाव की है। नीतीश कुमार NDA की एक मीटिंग में शामिल थे। यहां सीएम को कहना पड़ा, 'मुसलमानों को जाकर बताइए, उनके लिए सरकार ने क्या-क्या काम किया है। RJD आ गई तो दंगा फसाद करेगी।'

इस बयान का संदेश साफ था। नीतीश कुमार भी ये मान चुके थे कि इस समाज का अब उनसे मोह भंग हो चुका है। 2024 के लोकसभा और 2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजों में नीतीश कुमार की पार्टी के एक भी मुस्लिम कैंडिडेट जीतने में सफल नहीं हो पाए थे।

2015 विधानसभा चुनाव में आखिरी बार JDU से 5 मुस्लिम विधायक जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में JDU के एक भी मुस्लिम सांसद नहीं जीत पाए थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने 11 मुस्लिम कैंडिडेट को मैदान में उतारा, लेकिन एक भी कैंडिडेट जीतने में सफल नहीं रहे। यही हाल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हुआ, जदयू के एक भी कैंडिडेट चुनाव नहीं जीत पाए।

**अब जानिए, नीतीश ने मुस्लिमों के लिए क्या किया**

JDU का दावा है कि 2005 में सत्ता में आने के बाद नीतीश कुमार ने मुस्लिमों की कई पुरानी डिमांड को एक-एक करके पूरा किया। पटना में हज भवन का निर्माण, अंजुमन इस्लामिया की मॉडर्न बिल्डिंग का निर्माण, मदरसा के शिक्षकों की सैलरी सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बराबर करना, उर्दू शिक्षकों की बहाली, कब्रिस्तान की घेराबंदी या हर विधानसभा क्षेत्र में आवासीय स्कूल और छात्रावास का निर्माण, हायर एजुकेशन के लिए मुस्लिम छात्रों को स्कालरशिप जैसी कई योजनाएं 2005 से लेकर अब तक शुरू की गई हैं।

## कूटनीति

विवेक शुक्ला



## जंग हुई तो क्या चीन देगा पाक का साथ!

पहलगाम में 26 मासूम लोगों के कत्ल के बाद भारत-पाकिस्तान आमने-सामने हैं। क्या दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच जंग होगी? क्या जंग हुई तो चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा? इन सवालों पर समर नीति और कूटनीति के जानकार आजकल माथापच्ची कर रहे हैं। अगर बात कारगिल जंग ( 1999) की करें तो तब चीन ने पाकिस्तान का खुलकर या प्रत्यक्ष रूप से सैन्य या राजनयिक समर्थन नहीं किया था। भले ही चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे रणनीतिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर सदाबहार दोस्ती कहा जाता है। पाकिस्तान के नेता हर संकट के वक्त बीजिंग पहुंच जाते हैं कटोरा लेकर। दरअसल कारगिल संघर्ष के दौरान चीन की प्रतिक्रिया काफी सधी हुई थी। चीन ने तब आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को हल करने का आग्रह किया। यानी चीन उस समय पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ था। चीन ने नियंत्रण रेखा का सम्मान करने का दोनों पक्षों से आग्रह किया था। यह परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना थी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चीनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तान चुंग का कहना था कि चीन बहुत प्रेक्टिल देश है। वह बहुत सोच-समझकर ही खुलकर किसी देश के साथ खड़ा होता है। जानकारों का कहना है कि जब कारगिल युद्ध के समय तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ समर्थन मांगने चीन गए, तो चीनी नेतृत्व ने उन्हें पीछे हटने और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने की सलाह दी। चीन इस संघर्ष को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता था। चीन का मत था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहने चाहिए। दरअसल, तब चीन ने पाकिस्तान की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की थी, पर उसने पाकिस्तान की कारगिल में सैन्य घुसपैठ का समर्थन भी नहीं किया था। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन ने पाकिस्तान का समर्थन जरूर किया था, लेकिन 'खुलकर साथ' होने की व्याख्या थोड़ी जटिल है और दोनों युद्धों में उसकी भूमिका थोड़ी अलग थी। चीन ने 1965 की जंग के वक्त भारत की कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान को अपना पूर्ण राजनयिक समर्थन दिया। चीन ने भारत पर सिक्किम सीमा पर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। उसने सीमा के पास अपनी सेना की कुछ गतिविधियां भी बढ़ाईं, जिससे भारत पर दूसरा मोर्चा खुलने का दबाव बना। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण नैतिक और रणनीतिक समर्थन था। हालांकि चीन ने धमकियां दीं और दबाव बनाया, लेकिन उसने भारत के खिलाफ सीधे तौर पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई नहीं की। उसका समर्थन मुख्यतः राजनयिक और मनोवैज्ञानिक दबाव तक ही सीमित रहा। वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 1971 में भी पाकिस्तान का राजनयिक समर्थन जारी रखा और भारत के हस्तक्षेप की आलोचना की, खासकर संयुक्त राष्ट्र में। हालांकि 1971 में चीन का दबाव काफी कम था। कूटनीति मामलों के जानकार इसके कई कारण बताते हैं। भारत-सोवियत संधि (1971) ने चीन को हतोत्साहित किया, क्योंकि भारत पर हमले की स्थिति में सोवियत संघ के हस्तक्षेप की संभावना थी। चीन उस समय सोवियत संघ के साथ तनावपूर्ण संबंध रखता था। इसके साथ ही सर्दियों में हिमालय के दुर्गम दर्रों से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करना चीन के लिए बहुत मुश्किल था। मतलब चीन ने 1971 में भी कोई सीधा सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। एक बात समझ लें कि भले ही भारत-चीन के बीच सीमा विवाद है, पर चीन को मालूम है कि भारत उसके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है। यह बात उसे आजकल खासतौर पर समझ आ रही होगी क्योंकि अमेरिका उस पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है। फिलहाल भारत-चीन के बीच सालाना आपसी व्यापार 125 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। समझ लें कि भारत-चीन ने तय कर लिया है कि इनका जटिल सीमा विवाद का कोई हल निकले या ना निकले, पर ये अपने आपसी कारोबारी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देंगे। हमारा चीन के साथ कुछ साल पहले तक व्यापार घाटा 29 अरब रुपए तक का हो गया था। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी मानते हैं कि इस व्यापार घाटे को संतुलित करने की जरूरत है। पर फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर है कि भारत-पाक के बीच जंग वाली स्थिति बनी तो चीन किसका साथ देगा। तो जान लें कि चीन युद्ध की स्थिति में पाक का खुलकर साथ नहीं देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो




संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित

प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सबसे पहले इन दुष्ट दानवों की लगाम कसी जाए

पहलगाम में आतंकियों के इस अत्यंत ही जघन्य, कायरतापूर्ण हमले के बाद सारे भारत में दुख, पीड़ा और आक्रोश की लहर फैल चुकी है। दुनिया भलीभांति जानती है कि भारत विश्वशांति का सबसे बड़ा समर्थक और संरक्षक रहा है, लेकिन आतंकवाद और उग्रवाद का जनक पाकिस्तान अगर ऐसे कायरता के दुषकार्य करता रहेगा, तो भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देशों द्वारा पाकिस्तान के नेताओं, उग्रवादियों को कड़ा सबक सिखाकर स्थाई समाधान करना अनिवार्य हो जाता है। स्वयं और समस्त संसार की रक्षा और सुरक्षा करना भी हम सभी का परम कर्तव्य है। मानवता और विश्वशांति को धता बताने वाले इन पाकिस्तानी दुष्टो, दानवों को तुरंत ही धर दबोच कर कठोर दंड दिया जाए।

*- विनय दीक्षित, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में बुद्ध के दांत के अवशेष की प्रदर्शनी संपन्न

भगवान बुद्ध के दांत के अवशेष की दुर्लभ प्रदर्शनी श्रीलंका के कैंडी शहर में संपन्न हुई। आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। यह प्रदर्शनी 18 अप्रैल को शुरू हुई और रविवार को समाप्त हुई। मुख्य बौद्ध भिक्षुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदर्शनी देखने के लिए रिकार्ड संख्या में लोग एकत्र हुए। 2.1 करोड़ आबादी वाले देश में 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए बुद्ध के दांत के अवशेष का विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं ने 10 दिन की इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया जो 2009 के बाद से इस तरह का पहला आयोजन था। आयोजकों का अनुमान था कि करीब 20 लाख श्रद्धालु इसमें भाग लेंगे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि अनुमानित संख्या के आधे से भी कम लोग इसमें शामिल हुए क्योंकि अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी। कैंडी की नगर आयुक्त इंडिका कुमारी ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। लेकिन हमारे पास कैंडी में बनाए गए विभिन्न अस्थायी ढांचों को हटाने का बड़ा काम रह गया है।'



## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद

जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है।



## ट्रेंड

### मार्क जे कार्नी को बधाई



मार्क जे कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। हमारी साझेदारी के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अश्रुपूर्ण नमन



लेह-लद्दाख में वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा के लाल नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन। प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दुःख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं।

-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### वैभव का निडर दृष्टिकोण



वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### मुझे चुनने के लिए धन्यवाद



मुझे जो सम्मान दिया गया है, मैं उसे अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूँ और मैं भारत सरकार को इस सम्मान के लिए मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

रॉयल पत्रिका

# बांसवाड़ा जिले के गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय-बांसवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में कहा कि भारतीय प्राचीन ज्ञान विश्व को आधुनिक दृष्टि प्रदान करने वाला है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी नई शिक्षा नीति के जरिए विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास के साथ उनमें रचनात्मक गुण विकसित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को विकसित राष्ट्र ही बनाने में महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इसके जरिए फिर से देश विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक और शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि आचार्य वह है जो अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करे।

बागडे ने आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा-राजस्थान एवं शिक्षा संस्कृतिक उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के राणा पूंजा सभागार में आयोजित" राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन में शिक्षक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका" विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में यह बात कही।

राज्यपाल ने कहा कि नया, विकसित, सर्वश्रेष्ठ और विश्व गुरु भारत बनाने में नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति को बनाने में कई शिक्षाविदों ने योगदान दिया है। नई शिक्षा नीति भारतीय परंपरा और संस्कृति के अनुसार है। शिक्षा नीति सभी तक आसान पहुंच, गुणवत्ता, जवाबदेही जैसे प्रमुख स्तंभों पर विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ज्ञान को अपने तक सीमित न रखें। इसे विद्यार्थियों तक पहुंचाए ताकि ज्ञानवान, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का निर्माण हो जो देश का नाम विश्व में रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का आचरण अच्छा होना चाहिए। विद्यार्थी शिक्षकों को देखकर उनके सामान आचरण करते हैं इसलिए शिक्षक अपने आचरण से विद्यार्थियों को प्रेरित करें। शिक्षक रुचिपूर्ण शब्दों, उदाहरणों, कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों का विषय के प्रति ध्यान आकर्षित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता, शारीरिक क्षमता, नैतिक व भावनात्मक विकास की जिम्मेदारी हम सभी की है।

उन्होंने इससे पहले वानस्पतिक उद्यान और जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति उत्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. के.एस. ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन दिया।

# मुख्यमंत्री ने ली चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक



जयपुर,(रॉयलपत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किलूतापघात (हीट वेव) और गर्मी जनित अन्य बीमारियों से आमजन को राहत पहुंचानें के लिए चिकित्सा विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। जिला कलक्टर नियमित तौर पर अस्पतालों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का पूर्ण रख रखाव किया जाए एवंकिसी भी तरह की कमी पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को बिजली, पानी एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी संवेदनशीलता के साथ पूरे समर्पण भाव से काम करें जिससे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**अस्पतालों मे दवाइयों की हो पूरी उपलब्धता-**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में लू से निपटने की तैयारियों के मद्देनजर अस्पतालों में दवाइयां और उपकरणों की हर समय उपलब्धता हो। हीट वेव की स्थिति में नियमित निगरानी रखी जाए तथा चिकित्सालयों में हर समय सभी आवश्यक मेडिकल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परप्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक कोसंबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राज्य में पब्लिक हेल्थ केयर के बुनियादी ढ़ांचे को सुदृढ़ कर विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित किया जा रहा हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य के बुनियादी ढ़ांचे को विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाते हुए महामारियों से बचाव के लिए उच्च स्तर की तैयारियां की जाएं।

उन्होंने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में वंचित वर्ग को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा इन आरोग्य मंदिरके लिए चिन्हृति सरकारी अनुपयोगी जमीन को उपयोग में लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में इस वर्ष तक प्रमुख 12 सेवाएं मिलना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस करते हुए इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएं। साथ ही, एम्बुलेंस की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाए।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में एक्सरे, सोनोग्राफी एवं डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए तथा इन सभी मशीनों को हर समय कार्यशील रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। शर्मा ने कहा कि राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से संधारित करने के लिए प्रदेश के हर व्यक्ति किना केवल आभा आईडी बनाई जाए बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आभा आईडी का अधिक से अधिक उपयोग शीघ्र प्रारम्भ हो।बैठक में नव-निर्मित उपस्वास्थ्य केन्द्र, इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, क्रिटीकल केयर ब्लॉक, मा वाउचर योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नेविभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नवाचारों का प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दो स्थानों पर आम रास्ते को कराया अतिक्रमण मुक्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में ग्राम चौंप में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही ग्राम चौप, काना की ढ़ाणी में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौप के खसरा नं. 2008/2442 गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल बनाकर, झाड़ियां, कांटों की बाड़ लगाकर अवैध कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौप, काना की ढ़ाणी के खसरा नं. 1845, 1891, 1908 गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल बनाकर, झाड़ियां, कांटों की बाड़ लगाकर अवैध कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पिपला भरत सिंह, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "शिव आँगन" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 23 व वर्ष 2025 में 12 आज तक कुल 35 सरकारी आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है एवं वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 129 आज तक कुल 512 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया और उनकी पत्नी को नहीं मिली राहत

## -हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इनकार, 10 दिन में हो जांच में शामिल





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया और उनकी पत्नी उर्मिला जैन सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज एफआईआर को राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस समीर जैन की बेंच ने रद्द करने से इनकार करते हुए उन्हें 10 दिन में मामले की जांच में शामिल होने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने इस संबंध में दायर 19 याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि एफआईआर की निष्पक्ष जांच और उसे रद्द करने की प्रार्थना एक साथ नहीं की जा सकती। यह दोनों प्रार्थनाएं आपस में ही विरोधाभासी और कानूनी रूप से असंगत है। इसके अलावा दर्ज की गई एफआईआर अलग-अलग लेन-देन और अलग-अलग थानों में दर्ज की गई हैं। याचिकाकर्ता ने किसी पर भी दुर्भावना के आरोप नहीं लगाए है। साथ ही सभी एफआईआर की जांच एक आईपीएस से कराने की प्रार्थना स्वीकार्य नहीं हैं।

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद सत्ताधारी पार्टी के प्रभाव से राजनीतिक द्वेषता के कारण डेढ़ दर्जन से अधिक एफआईआर दर्ज कराई गई। उनको निशाना बनाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है।

सभी एफआईआर में लगाए गए आरोप अस्पष्ट, बेतुके और व्यावहारिक रूप में असंभव हैं। अधिकांश शिकायतकर्ता सत्तारूढ़ दल के समर्थक हैं। आशंका है कि निष्पक्ष जांच नहीं होगी। एफआईआर को रद्द किया जाए। सभी की निष्पक्ष जांच बारां व झालावाड़ जिले के अलावा अन्य जगह पदस्थापित आईपीएस अधिकारी से कराई जाए।

सरकार की ओर से विरोध करते हुए कहा कि सभी मामलों के तथ्य, अपराध की प्रकृति और शिकायतकर्ता अलग-अलग हैं। इनमें अवैध खनन, नगर निगम के फर्जी दस्तावेज, फर्जी पट्टा और वित्तीय अनियमिता सहित अन्य अलग तरह के आरोप हैं। संयुक्त रूप से जांच नहीं हो सकती। दंडात्मक कार्रवाई पर रोक है लेकिन जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# चंदवाजी वाले हजरत कुतुबशाह बाबा का 2 दिवसीय उर्स मेला 3 से



मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। चंदवाजी पुलिस थाने के सामने पूरब दिशा में डूंगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत कुतुब शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेह का दो दिवसीय वार्षिक उर्स मेला 3 मई शनिवार को मिलाद शरीफ से शुरू होगा जो कि 4 तारीख रविवार की शाम 7 बजे कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा।

हजरत कुतुब शाह बाबा मेला कमेटी चंदवाजी के निजामुद्दीन शाह,उस्मान शाह असगर अली व इस्लामुद्दीन ने बताया की बाबा के 3 मई शनिवार की शाम को झंडा फहराने के साथ में जायरिनों का आना शुरू हो जाएगा रंग-बिरंगे परिधानों में सज संवर कर विभिन्न वाहनों में सवार होकर बाबा के गीत गाते हुए आएंगे। इसके बाद में रात्रि 9 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ होगी जिसमें ख़ुदा के हुकुम मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी रात्रि 12 बजे बाद सलाम पढ़ी जाएगी। टेलर असलम शाह ने बताया कि इसी प्रकार 4 मई रविवार को सुबह 7 बजे कुरान ख्वानी होगी इसके बाद दोपहर 2 बजे बाद चंदवाजी की मस्जिद से बैंड बाजा के साथ में चद्दर का जुलूस निकलेगा जो की चंदवाजी कस्बे के प्रमुख मार्ग होता हुआ दरगाह प्रांगण तक आएगा जहां पर खादिमो के द्वारा बाबा की चद्दर को पेश किया जाएगा उसके बाद में प्रसाद वितरण होगा। इसी के साथ में दाल बाटी चूरमा मीठे चावल शकराना आदि बनाकर बाबा के पेश करेंगे ईसी के साथ में मुंडन सगाई आदि रस्म होगी राजनीतिक सामाजिक धार्मिक संगठनों के लोग बाबा के अपनी तरफ से चद्दर पेश करेंगे ।

# मुंबई में वेव्स इंडिया समिट में राजस्थान के स्टार्टअप्स बिखेर रहे हैं चमक




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विश्व ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (WAVES India) के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की ओर से अपने नवाचार प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और पर्यटन विभाग की स्टॉल लोगों को आकर्षित कर रही है।

राजस्थान की इस खास स्टॉल पर एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएलिटी (AVGC-XR) के क्षेत्र में नवाचारों की झलकियां पेश की जा रही हैं। इस स्टॉल पर राजस्थान के पांच स्टार्टअप्स को विशेष स्थान दिया गया है, जो गेमिंग और कॉमिक्स के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उदयपुर से संचालित स्टार्टअप आर्टिप्लेक्स अपने प्रोडक्ट 'इतिहासम' के माध्यम से राजस्थान के योद्धाओं और ऐतिहासिक किलों की गौरवशाली कहानियों को जीवंत कर रहा है। वहीं, गोगूंज कंपनी 1 से 7-8 मिनट की लघु वीडियो फिल्मों और विज्ञापनों को 12 भाषाओं में प्रस्तुत कर विज्ञापन जगत में किफायती समाधान प्रदान कर रही है।

प्रदर्शनी में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि और युवा राजस्थान के स्टार्टअप्स के कार्यों को जानने के लिए उत्साहित दिख रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा में विभाग के संयुक्त सचिव संजय जगदीश कार्णिक ने AVGC नीति के तहत राजस्थान सरकार द्वारा युवाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे प्लेटफॉर्म, ग्रांट्स और अटल इनोवेशन स्टूडियो एक्सेलेरेटर के माध्यम से निर्मित इकोसिस्टम की जानकारी साझा की।

यह प्रदर्शनी राजस्थान के स्टार्टअप्स और युवा प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रही है, जो वैश्विक स्तर पर भारत के रचनात्मक और तकनीकी सामर्थ्य को प्रदर्शित करने में योगदान दे रही है।

# जल जीवन मिशन में 979.45 करोड़ के फर्जीवाड़े का मामला

## -पूर्व मंत्री महेश जोशी ने जेल में किया सरेंडर



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जल जीवन मिशन में 979 करोड़ 45 लाख रुपए के फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में 24 अप्रैल को गिरफ्तार एवं 28 अप्रैल से अन्तरिम जमानत पर चल रहे पूर्व मंत्री महेश जोशी ने गुरुवार शाम सेन्ट्रल जेल में आत्म समर्पण कर दिया। वहीं ईडी मामलों की विशेष अदालत अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की अर्जी पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगी। अर्जी में अंतरिम जमानत की अवधि को 09 दिन और बढ़ाने की मांग की गई हैं। ईडी की ओर से कहा गया कि 04 दिन की अंतरिम जमानत पूर्व में मिल चुकी हैं। पुन: यह प्रार्थना पत्र अदालत के पूर्व के आदेश को रिव्यू कराने के समान है। ऐसे में प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाए। इस मामले में गिरफ्तार हुए ठेकेदार पदमचंद जैन, महेश मित्तल, पीयूष जैन एवं दलाल संजय बडाया उच्चतम न्यायालय के आदेश से जमानत पर हैं।

# योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निजी अस्पताल और फार्मेसी संचालकों से की विस्तृत चर्चा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आरजीएचएस योजना में गलत तरीके से भुगतान उठाने वाले निजी अस्पताल और दवा दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस योजना में प्राप्त होने वाले दावों के क्यूसीपीए सेल द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के माध्यम से विश्लेषण करने पर गडबड़ी पकडी गई है। इस प्रक्रिया को समझाने के लिए इस योजना में पंजीकृत निजी अस्पताल और फार्मेसी स्टोर्स के साथ वित्त विभाग और राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के अधिकारियों ने व्यापक चर्चा की। अनुमोदित चिकित्सालय तथा निजी फार्मेसी संचालकों को ऑनलाईन वेबिनार में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न उदाहरण दिये गए तथा उनसे अपेक्षा की गई है कि वे योजना के तहत गलत दावे प्रस्तुत करने से बचें। उन्हें बताया गया कि नियम विरूद्ध राजकीय राशि का दुरूपयोग का प्रयास अनुचित है तथा ऐसा करना पाए जाने पर योजना से निलम्बन और भारी जुर्माने के साथ ही रजिस्ट्रेशन निलम्बन व निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में दोषी पाये गये अस्पतालों तथा फार्मेसी का निलम्बन कर 10 करोड रू. से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है, दोषी कार्मिकों के आरजीएचएस कार्ड निलंबित किये गये हैं। बैठक में समझाया गया कि योजना कार्मिकों व पेंशनरों के लिए कैशलेस उपचार के लिए संचालित है और इसमें किसी भी प्रकार की धांधली का प्रयास सहन नहीं किया जाएगा। जो निजी अस्पताल या फार्मेसी अकारण भ्रम फैला रहे हैं, उन्हें भी योजना से पृथक किया जाएगा। ज्यादातर अस्पताल व फार्मेसी तथा लाभार्थियों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई विचाराधीन नहीं है, ऐसे में योजना को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार सुचारू रूप से संचालित किया जाए। बैठक में आईपीडी, ओपीडी तथा फार्मेसी के संबध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। वेबिनार में 700 से ज्यादा अस्तपतालों तथा 1000 से ज्यादा निजी फार्मेसी दुकानों के संचालकों ने भाग लिया।

# देवनानी की महाराष्ट्र के राज्यपाल और मंत्रीगण से शिष्टाचार मुलाकात

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने राधाकृष्णन को पुष्प गुच्छ, राजस्थान विधान सभा में एक वर्ष नवाचारों की पुस्तक, राजस्थान विधान सभा की डायरी, कैलेण्डर व राजस्थान विधान सभा का स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल राधाकृष्णन ने भारतीय नववर्ष के अनुसार प्रकाशित की गई डायरी प्रकाशन की अभूतपूर्व पहल के लिये देवनानी को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय नववर्ष के अनुसार डायरी का प्रकाशन से नई पीढ़ी के लोगों को विक्रम संवत और तिथियों के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

# किरायेदार का अवैध रूप से बिजली कनेक्शन काटने का मामला

## -एसडीएम कोर्ट ने विद्युत विच्छेद की बहाली करने के दिए आदेश

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। करीब 23 साल से किरायेदार प्रार्थी से दुकान खाली कराने के लिए अवैध रूप से बिजली कनेक्शन काटने एवं प्रताडित करने के मामले में एसडीएम कोर्ट जयपुर-प्रथम में पीठासीन अधिकारी राजेश जाखड़ ने उपरोक्त विद्त विच्छेद की बहाली करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने आदेश में कहा कि विद्त सुविधा आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में होने एवं भीषण गर्मी को मध्यनजर रखते हुए अप्रार्थी/प्रत्यर्थी मोहम्मदी वेलफेयर सोसाइटी (हॉस्पिटल), मीठी कोठी का रास्ता, गोटा फैक्ट्री, गलता रोड-जयपुर अर्जीदार का पुन: बिजली कनेक्शन जारी करे।

एडवोकेट मोहम्मद असलम खान एवं मोहम्मद आरिफ ने प्रार्थी/अर्जीदार मोहम्मद सलीम की ओर से पैरवी करते हुए एसडीएम को बताया कि मीठी कोठी का रास्ता, गलता रोड स्थित उपरोक्त संपत्ति में प्रार्थी करीब 23 साल से किरायेदार हैं। विपक्षी मोहम्मदी वेलफेयर सोसाइटी (हॉस्पिटल) के अध्यक्ष सदरूद्दीन अर्जीदार से जबरन दुकान खाली करवाना चाह रहा हैं। वह प्रार्थी को तरह-तरह से प्रताड़ित करता हैं। उसी कड़ी में किरायेशुदा दुकान का जबरन 04 अगस्त, 2024 को बिजली कनेक्शन काट दिया गया। अधिवक्ता मोहम्मद असलम खान और मोहम्मद आरिफ का यह भी कहना था कि प्रत्यर्थी बिना विधिक प्रक्रिया अपनाये प्रार्थी से दुकान खाली कराने के लिए बिजली कनेक्शन काटने जैसे अवैध हथकण्डे अपना रहे हैं। जबकि बिजली की सुविधा आज के युग में मूलभूत आवश्यकता हो गई हैं। एडवोकेट मोहम्मद असलम ने बताया कि उक्त बिजली कनेक्शन काटते समय अन्य अदालत का स्थगन/स्टे था। इस पर उसके खिलाफ अन्य अदालत में अवमानना की भी कार्रवाई लम्बित हैं।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# ट्रेन टिकट से लेकर एटीएम से पैसे निकालने तक में लागू हुए बदलाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर महीने की पहली तारीख से कई नियमों में बदलाव होता है। आज मई माह की पहली तारीख से भी ऐसे ही कई नियमों में हुआ बदलाव लागू होगा। इनमें एटीएम से कैश निकालने पर लगने वाले चार्ज से लेकर रेलवे के वेटिंग टिकट तक कई नियम शामिल हैं, जिनमें बदलाव हुए हैं।

एक मई से कुछ ऐसे वित्तीय बदलाव होने वाले हैं जिनका आप पर सीधे असर पड़ सकता है। इन बदलावों में एटीएम से सीमा से ज्यादा निकासी, रेलवे से टिकट बुकिंग और एफडी की ब्याज दरों में फेरबदल आदि शामिल हैं। साथ ही, मई में बैंकों की छुट्टियों की भी आरबीआई ने लिस्ट जारी कर दी है।

मेट्रो शहरों में हर महीने 3 बार मुफ्त में एटीएम से लेनदेन कर सकेंगे। गैर-मेट्रो शहरों में पांच बार लेनदेन कर सकेंगे। मुफ्त सीमा के बाद बैंक हर लेनदेन पर 23 रुपये तक चार्ज लगा सकते हैं। अगर कोई ग्राहक एटीएम में अकाउंट बैलेंस चेक करता है तो उसे 7 रुपये चार्ज देना पड़ सकता है, जो पहले 6 रुपये था। रेलवे टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया जा रहा है। अब वेटिंग टिकट सिर्फ जनरल कोच में ही मान्य होगा। मतलब आप वेटिंग टिकट के साथ स्लीपर कोच में यात्रा नहीं कर सकते हैं। अगर आप यात्रा करते हुए पाए जाएंगे तो टीटी आपको सामान्य कोच में भेज सकता है या जुर्माना लगा सकता है।

देशभर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को विलय करने का निर्णय लिया गया है। अब 43 से घटकर 28 आरआरबी रह जाएंगे। एक राज्य एक आरआरबी को एक मई से लागू करने का फैसला किया गया है।

रेपो रेट में आरबीआई के 0.25 फीसदी की कटौती के बाद अब बैंकों ने भी एफडी पर ब्याज दरें घटानी शुरू कर दी हैं। ज्यादातर बैंकों ने 1 मई से ऊंची ब्याज दर वाली एफडी को बंद करने का फैसला लिया है। आरबीआई ने मई में बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट जारी कर दी है। दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार को छोड़कर अलग-अलग राज्यों में बैंक अलग-अलग अवसर पर बंद रहेंगे। इनमें बुद्ध पूर्णिमा और महाराणा प्रताप जयंती जैसे पर्व शामिल हैं, जो अलग-अलग राज्यों में मनाए जाएंगे। ऐसे में बैंक जाने से पहले छुट्टियों की अवश्य जांच कर लें।

## रियल एस्टेट सेक्टर से सामने आया बड़ा फ्रॉड, बिना रजिस्ट्री के दे दिए 10,000 फ्लैट

नई दिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद के रियल एस्टेट सेक्टर से एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जहां बिल्डरों ने 10,000 से ज्यादा फ्लैट बिना रजिस्ट्री के ही ग्राहकों को सौंप दिए। इस धोखाधड़ी के चलते उत्तर प्रदेश सरकार को करीब 100 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। आरोप है कि कई बड़े बिल्डर्स ने नियमों को ताक पर रखते हुए कंप्लीशन



सर्टिफिकेट के बिना ही पजेशन दे दिया। अब प्रशासन इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

बिल्डर्स ने ग्राहकों से स्टांप पेपर के नाम पर पैसे वसूले लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराई। कुछ मामलों में कंप्लीशन सर्टिफिकेट के बिना ही फ्लैट्स का पजेशन दे दिया गया। यह गड़बड़ी गाजियाबाद के प्रमुख रिहायशी इलाकों जैसे राजनगर एक्सटेंशन, क्रॉसिंग रिपब्लिक, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार में सामने आई है।

राजस्व विभाग ने इस पर गंभीरता दिखाई है और ऐसे बिल्डरों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यदि निर्धारित समय में रजिस्ट्री नहीं कराई गई, तो एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन का कहना है कि इस मामले में जल्द ही कड़ी कार्रवाई होगी, ताकि आम लोगों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## आईटीआर फॉर्म में बड़ा बदलाव: शेयर और म्यूचुअल फंड से हुई कमाई तो भरना होगा यह फॉर्म

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग ने असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) फॉर्म नोटिफाई कर दिए हैं। अब ऐसे टैक्सपेयर्स जिनकी सालाना आमदनी 50 लाख रुपए तक है, वे इन फॉर्म्स से अपना रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

इस बार एक अहम बदलाव किया गया है- अब अगर किसी व्यक्ति को लिस्टेड शेयरों या म्यूचुअल फंड से 1.25 लाख रुपए तक का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन हुआ है, तो वह भी आईटीआर-1 या आईटीआर-4 फॉर्म भर




सकता है। पहले ऐसी स्थिति में आईटीआर-2 या आईटीआर-3 भरना पड़ता था।

सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट सुशील अग्रवाल ने बताया कि यह बदलाव टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरा है। पहले जिन लोगों को सिर्फ आईटीआर की वजह से जटिल फॉर्म भरने पड़ते थे, अब वे सरल आईटीआर-1 या आईटीआर-4 से काम चला सकेंगे।

लिस्टेड इक्विटी और इक्विटी म्यूचुअल फंड्स से सालाना 1.25 लाख रुपए तक के आईटीआर पर टैक्स नहीं लगता और अब यह छूट फॉर्म चयन में भी सहूलियत दे रही है।

## एनएसटीआई और आईटीओटी में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 2025-26 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधीन कार्यरत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश कार्यक्रम की घोषणा की है। जो उम्मीदवार एनटीसी (नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट), नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री धारक हैं, या इन पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

चयनित उम्मीदवारों को 41 ट्रेड्स (28 इंजीनियरिंग और 13 नॉन-इंजीनियरिंग) में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीओटी) में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

सीआईटीएस योजना के तहत 2019 से 2024 के बीच 45,025 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) का उद्देश्य प्रशिक्षकों को तकनीकी कौशल और प्रशिक्षण पद्धति दोनों में पूरी तरह से प्रशिक्षित करना है। इस कार्यक्रम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रशिक्षक व्यावहारिक कौशल को प्रभावी ढंग से सिखाने में सक्षम हों, जिससे उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके। राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) के अनुसार, सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रशिक्षकों के लिए सीआईटीएस प्रशिक्षण अनिवार्य है।

## इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2025 हुई जारी

## भारत ने 60 बिलियन डॉलर की गेमिंग इकोनोमी के लिए अपने दृष्टिकोण का अनावरण किया

**मुंबई , एजेंसी।** भारत ने आज अपनी बहु-प्रतीक्षित इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2025 का आधिकारिक लॉन्च किया। विंज़ो और इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट एण्ड इनोवेशन काउन्सिल द्वारा संयुक्त रूप से किए गए इस अध्ययन के अनुसार भारत का गेमिंग सेक्टर 2034 तक 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े तक पहुंच सकता है। 3.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मौजूदा अवमूल्यन और अनुमानित 19.6 फीसदी सीएजीआर (वित्तीय वर्ष 24-29 ई) के साथ, भारत का गेमिंग सेक्टर तेज़ी से विकसित हो रहा है, और एक अनुमान के मुताबिक यह 2029 तक 9.1 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। इस सेक्टर में 1888 गेमिंग कंपनियां हैं, जो 130,000 से अधिक लोगों को रोज़गार देती हैं। यूज़र बेस की बात करें तो तकरीबन 9600 बिलियन यूज़र इस सेक्टर के साथ जुड़े हुए हैं, यह आंकड़ा 2029 तक 952 मिलियन तक पहुंचने की संभावना है।

इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2025 गेमिंग आईपी में एक उपभोक्ता के बजाए विश्वस्तरीय उत्पादक एवं निर्यातक बनने के भारत के बदलावों पर रोशनी डालती है। अच्छे डोमेस्टिक मार्केट और विश्वस्तरीय महत्वाकांक्षाओं के साथ भारत डिजिटल एंटरटेनमेन्ट के नए दौर का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।' पावन नंदा, सह-संस्थापक, विंज़ो ने भारत के प्रमुख एम एण्ड ई समिट वेव्स 2025 के दौरान लॉन्च के अवसर पर कहा।

रिपोर्ट के अनुसार अब तक भारत के गेमिंग सेक्टर द्वारा 93 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित हो चुका है, जिसमें से 90 फीसदी से अधिक पे-टू-प्ले (रियल मनी गेमिंग) सेगमेन्ट में आया है। पे-टू-प्ले एक भारतीय इनोवेशन है- यह भारत के यूनिफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई-) की सफलता पर निर्मित माइक्रो-ट्रांज़ेक्शन पर आधारित मॉडल है- जो गेमिंग सेक्टर को आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाने में कारगर साबित हुआ है।

मॉनेटाइज़ेशन के पारम्परिक मॉडलों जैसे इन-ऐप खरीद एवं एडवरटाइज़िंग की बात करें तो भारतीय बाज़ार में गेमिंग कंटेंट के कंज़प्शन की तुलना में इसकी स्केलेबिलिटी सीमित रही है। पे-टू-प्ले भारत का अनूठा इनोवेशन है, जिसने मॉनेटाइज़ेशन की खामियों को दूर कर ऐसा स्थायी मॉडल प्रस्तुत किया जो सेक्टर को व्यवहारिक बनाता है, विश्वस्तरीय निवेश आकर्षित करता है और देशी-विदेशी स्तर पर भारतीय गेमिंग कंपनियों के विकास को गति प्रदान करता है।

आज के दौर में गेमिंग भारत के नए मीडिया मार्केट (12.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर) में 29.6 फीसदी का योगदान देती है, जो ओटीटी, ऑडियो, एनीमेशन और सोशल मीडिया की तुलना में अधिक है। दुनिया भर में 300 बिलियन डॉलर का गेमिंग उद्योग पहले से फिल्म एवं संगीत सेक्टर के कुल आंकड़ों को पार कर चुका है। यह रिपोर्ट फिनलैण्ड, इज़रायल और तुर्की जैसे देशों की ओर ध्यान आकर्षित करती है, जो अपनी छोटी आबादी के बावजूद निर्यात के मायध्म से 90 फीसदी से अधिक गेमिंग राजस्व उत्पन्न करते हैं। भारत अपने विशाल डोमेस्टिक मार्केट और बढ़ती विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के साथ ऐसे मोड़ पर खड़ा है- जहां यह घरेलू खपत एवं वैश्विक निर्यात के दोहरे इंजन के रूप में देश के गमिंग आईपी को दुनिया की डिजिटल इकोनोमी में शामिल कर सकता है।

'माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में भारत डिजिटल इनोवेशन के अगले मोर्चे का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। गेमिंग भारत को 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल इकोनोमी के रूप में विकसित करने के विज़न में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा।

## एयर इंडिया 15 जून 2025 से टोक्यो हनेडा के लिए प्रतिदिन उड़ानें संचालित करेगी

गुरुग्राम एजेंसी। भारत की प्रमुख वैश्विक एयरलाइन एयर इंडिया ने आज घोषणा की कि वह दिल्ली और टोक्यो हनेडा के बीच अपनी नॉन-स्टॉप सेवा का विस्तार कर रही है। यह सेवा 15 जून 2025 से सप्ताह में चार दिन से बढ़ाकर प्रतिदिन की जा रही है। यह विस्तार भारत और जापान के बीच संपर्क को मजबूत करता है और यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करता है, साथ ही इससे दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम 31 मार्च 2025 को एयर इंडिया की टोक्यो के नरीता हवाई अड्डे से हनेडा हवाई अड्डे पर स्थानांतरण के बाद उठाया गया है, जिससे टोक्यो स्टेशन तक यात्रा का समय लगभग 30 मिनट हो गया है। एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान द्वारा संचालित ये दैनिक उड़ानें यात्रियों को टोक्यो के केंद्र तक तेज़ और आसान पहुंच प्रदान करती हैं, क्योंकि हनेडा हवाई अड्डा शहर से केवल 18 किमी की दूरी पर है। एयर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर निपुण अग्रवाल ने कहा, दिल्ली-टोक्यो हनेडा सेवा को प्रतिदिन करने का निर्णय भारत और जापान के बीच बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह दैनिक सेवा और ऑल निप्पॉन एयरवेज के साथ हमारी गहरी कोडशेयर साझेदारी, हमारे मेहमानों के लिए जापान की खोज और टोक्यो के अलावा अन्य शहरों तक आसान कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है।

## आनंद महिंद्रा ने पहुंचाया महिंद्रा ग्रुप को बुलंदियों तक मनाया 70वां जन्मदिन

**मुंबई, एजेंसी।** देश के बड़े कारोबारी समूह महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा 01 मई को अपना 70वां जन्मदिन मनाया। आनंद महिंद्रा की अगुवाई में महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह दिन-दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है।



देश के बड़े कारोबारी समूह महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा आज यानी की 01 मई को अपना 70वां जन्मदिन मनाया। आनंद महिंद्रा की अगुवाई में महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह दिन-दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। बता दें कि महिंद्रा ग्रुप सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट समेत करीब 22 सेक्टर में फैली है और काम करती है। मुंबई में 01 मई 1955 को आनंद महिंद्रा का जन्म हुआ था। वह एक बिजनेसमैन बनना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने हावर्ड बिजनेस स्कूल से ग्रेजुएशन में पढ़ाई पूरी की। फिर उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में फिल्म निर्माण और आर्किटेक्चर की पढ़ाई की और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री हासिल की है। बता दें कि हावर्ड यूनिवर्सिटी में एक समय पर वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति रहे बिल गेट्स के सहपाठी थे। पढ़ाई पूरी होने के बाद आनंद महिंद्रा ग्रुप के एमडी बन गए और बिजनेस की कमान संभालने लगे। दरअसल, वह समझ चुके थे कि नए बिजनेस में उतरे बिना नई ऊंचाइयों को पाना मुश्किल होगा। इसलिए उन्होंने ऑटो इंडस्ट्री पर फोकस किया।

महिंद्रा ग्रुप को एक एसयूवी ब्रांड स्थापित करने का पूरा श्रेय आनंद महिंद्रा को जाता है। उन्होंने अपने महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट स्कॉर्पियो का नेतृत्व किया और साल 2002 में उन्होंने भारतीय बाजार में इसको पेश किया। इसके लॉन्च होते ही एसयूवी भारतीय बाजार में छा गई थी। स्कॉर्पियो की दीवानगी इस कदर है कि साल 2022 में इसके नए मॉडल के आने पर सिर्फ 30 मिनट में एक लाख से अधिक की बुकिंग हो गई थी।

## सेनहाइज़र ने प्रीमियम ऑडियो गियर पर 58प्रतिशत तक की छूट के साथ रोमांचक समर सेल डील का ऐलान




## किया

**भोपाल।** सेनहाइज़र, ऑडियो इनोवेशन में ग्लोबल पायोनियर ब्रांड इस सीज़न में अमेज़न की समर सेल 2025 के दौरान बेहतरीन डील्स के साथ ग्राहकों को अच्छी खासी बचत का मौका दे रही है। 1 मई से शुरू होने वाले इस सेल में ग्राहक सेनहाइज़र के टॉप-रेटेड प्रोडक्ट्स, जैसे हेडफ़ोन्स, माइक्रोफ़ोन्स और कई अन्य एसेसरीज आदि पर 58त्न तक की अच्छी खासी छूट और बचत का आनंद ले सकते हैं।

भारी छूट के अलावा, ग्राहक 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं और चुनिंदा बैंक कार्ड ऑफ़र के साथ एडीशनल बचत का आनंद भी ले सकते हैं। प्रोफ़ाइल स्ट्रीमिंग सेट (बूम आर्म के साथ) यूएसबी माइक्रोफ़ोन, श्व-945 माइक्रोफ़ोन, एचडी-25 प्लस हेडफ़ोन, मोमेंटम 4 (कॉपर) हेडफ़ोन्स, एसेंटम प्लस हेडफ़ोन्स और मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 जैसे उत्पादों के साथ शानदार साउंड की दुनिया का आनंद लें। साथ में बेहद किफायती कीमतों पर खरीद कर अच्छी

## देवू ने मंगाली इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी में भारतीय बाजार में लुब्रिकेंट्स की रेंज लॉन्च की



**नई दिल्ली , एजेंसी।** वैश्विक इंजीनियरिंग ब्रांड देवू ने मंगलवार को भारत में ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में प्रवेश करते हुए अपनी प्रीमियम श्रेणी के उत्पाद लॉन्च किए। यह लॉन्च मंगाली इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रणनीतिक लाइसेंसिंग साझेदारी के तहत किया गया है।

नई दिल्ली स्थित होटल ली मेरिडियन में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी ने टू-व्हीलर, पैसेंजर कार, वाणिज्यिक और कृषि वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले लुब्रिकेंट्स की रेंज पेश की। इस अवसर पर ऑटोमोबाइल और लुब्रिकेंट उद्योग से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

देवू लुब्रिकेंट्स के निदेशक (रणनीति एवं विकास) विनीत सिंह ने कहा कि कंपनी नवाचार, भरोसे और प्रदर्शन की प्रतीक रही है। उन्होंने कहा, ''मंगाली इंडस्ट्रीज के साथ यह गठबंधन भारत जैसे गतिशील बाजार के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का संकेत है।''

इस अवसर पर कोरियाई कंपनी पोस्को के उपमहाप्रबंधक सांग-ह्वान ओह ने भी उपस्थित होकर देवू के गुणवत्ता मानकों और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरते हैं और स्थानीय मांग के अनुसार तैयार किए गए हैं।

## अमेज़न इंडिया ग्रेट समर सेल 2025 शुरू

बेंगलुरु, एजेंसी। अमेजन इंडिया ने अपनी अपकमिंग ग्रेट समर सेल के लिए ब्लॉकबस्टर डील्स का ऐलान कर दिया है, जो 1 मई 2025 को दोपहर से शुरू। सैमसंग एआई के सहयोग से आयोजित ये बहुप्रतीक्षित सेल, इस सीजन में खरीदारों को खुश करने के लिए प्रमुख ब्रांड्स से शानदार डील्स की रेंज लेकर आ रही है। ग्राहक सैमसंग एआई और इंटेल से प्रीमियम टेक्नोलॉजी, सैमसंग अप्लायंसेज और टीवी, टीसीएल, और हाईसेंस से लेटेस्ट होम एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन्स, साथ ही टाटा प्रोडक्ट्स, मसल ब्लेज़, वोलिनी, एचयूएल, केलॉग्स, और बोट जैसे भरोसेमंद उपभोक्ता उत्पादों पर शानदार ऑफर्स को हासिल कर सकते हैं।

शॉपिंग, टिकट बुकिंग या बिल भुगतान करते समय 5,000 रुपए तक के बंपर पुरस्कार हासिल करें, जिसमें पहली, पांचवीं और दसवीं ट्रांजैक्शन पर स्पेशल ऑफर्स हैं. प्राइम मेंबर्स जो अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं, वो अनलिमिटेड 5त्न कैशबैक और 2,500 रुपए तक के वेलकम रिवॉर्ड्स का फायदा ले सकते हैं। सेल में फ्लाइट बुकिंग्स पर 20त्न तक और होटल्स व होमस्टे पर 35त्न तक की बचत भी दी जा रही है। योग्य कस्टमर्स अमेज़न पे लेटर के जरिए 60,000 रुपए तक का इंस्टेंट क्रेडिट ले सकते हैं और 600 रुपए तक के रिवॉर्ड्स कमा सकते हैं।

## गोदरेज ने पूर्वोत्तर भारत के एफएमसीजी उद्योग में नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में बदलाव का समर्थन किया



**मुंबई एजेंसी।** भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के ऊर्जा समाधान व्यवसाय ने असम के गुवाहाटी में एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी की सुविधा के लिए 2 मेगावाट पीक सौर ऊर्जा परियोजना का अनुबंध हासिल किया है। यह परियोजना भारत के ऊर्जा आत्मनिर्भरता और सतत औद्योगिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है, और नवीन, अनुकूलित नवीकरणीय समाधानों के माध्यम से भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने की गोदरेज की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

भारत के सबसे जिम्मेदार ब्रांडों में से एक होने के नाते, यह गोदरेज की एफएमसीजी क्षेत्र में पहली बड़ी सौर ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) परियोजना है, जो प्रति वर्ष लगभग 98.4 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और जो विभिन्न उद्योगों में अनुकूलित अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदान करने में गोदरेज की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करती है।

यह अत्याधुनिक सौर संयंत्र सालाना लगभग 24 लाख किलोवाट-प्रतिघंटा हरित ऊर्जा उत्पन्न करेगा, जिससे इस सुविधा का कार्बन उत्सर्जन काफी हद तक घटेगा। यह सुविधा अब लगभग 1.4 करोड़ की वार्षिक ऊर्जा लागत की बचत करेगी। यह सौर संयंत्र कम से कम 25 वर्षों तक संचालित होगा और अपने जीवनकाल में कुल 57,000 मेगावाट-प्रतिघंटा स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करेगा। राघवेंद्र मिरजी, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और बिज़नेस हैड, गोदरेज एंटरप्राइजेज ने कहा, यह सौर स्थापना हमारे नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



सलमान खान से शादी करने के सवाल पर अमीषा ने कर दिया साफ इंकार, बोली-

# वो मुझे रुलाते हैं

सुपरस्टार सलमान खान बॉलीवुड के मोस्ट एलिजिबल बैचलर हैं। अब सलमान के साथ काम कर चुकी इस बॉलीवुड एक्ट्रेस से जब एक्टर से शादी करने की बात पूछी गई, तो अभिनेत्री ने साफ इंकार कर दिया। जानिए कौन है ये एक्ट्रेस और क्यों उसने कहा ऐसा।

अभिनेत्री अमीषा पटेल भी बॉलीवुड की उन सेलेब्रिटीज में शामिल हैं, जो अभी तक बैचलर हैं। अमीषा एक महीने बाद 50 साल की हो जाएंगी। लेकिन उन्होंने शादी से दूरी बनाए रखी है। अब अमीषा पटेल ने बॉलीवुड में रिश्तों और शादी पर खुलकर बात की। साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री के मोस्ट एलिजिबल बैचलर सलमान खान के साथ अपने रिश्ते और उनसे शादी करने के सवाल पर भी बात की।

### ➲ 'मैंने अपने आसपास हर तरह के रिश्ते देखे हैं'

हालिया बातचीत में अमीषा पटेल ने इंडस्ट्री में शादी और तलाक के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने अपने आस-पास हर तरह के रिश्ते देखे हैं। मैंने संजू जैसे सामंजस्यपूर्ण रिश्ते देखे हैं और फिर ऋतिक जैसा कोई है, जिसका तलाक हो चुका है। लेकिन वह और सुजैन मिलकर काफी अच्छे से अपने बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। वे अब सबसे अच्छे दोस्त हैं।

तो मैं कौन होती हूं जज करने वाली? आगे सलमान के बारे में बात करते हुए अमीषा ने कहा कि सलमान एक कूल कैट हैं और ईमानदारी से कहूं तो मैं उन्हें शादी करते हुए नहीं देखना चाहती। वह एक कूल डूड हैं, वह प्यार करने वाले और ख्याल रखने वाले हैं और वह सभी के लिए अच्छे हैं।

### ➲ क्या सलमान से शादी करना चाहेंगी अमीषा?

क्या वो सलमान खान से शादी करने के लिए तैयार हैं, इस पर जवाब देते हुए अमीषा पटेल ने कहा, मुझे सलमान का पूरा इंटरव्यू लेना है कि आप सुधरे हो या नहीं। वह एक दोस्त के तौर पर इतने प्यारे हैं कि मैंने उन्हें कभी उस नजरिए से नहीं देखा क्योंकि वह हमेशा से मेरे दोस्त रहे हैं। एक बहुत ही शरारती दोस्त।

वह मेरे साथ बहुत शरारतें करते हैं और मुझे रुलाते भी हैं। उन्होंने मेरा नाम मीना कुमारी इसलिए रखा क्योंकि मैं उनके साथ रोती रहती हूं। यह हमारा रिश्ता है। मैं खुद को इस तरह से नहीं देख सकती। मैं उनके और पूरे परिवार के लिए एक अच्छी दोस्त बनकर खुश हूं।

# अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो किया कैंसिल

अंकिता लोखंडे मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025 में बतौर अतिथि हिस्सा लेने वाली थीं। मगर, अब यह इवेंट रद्द कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की घटना के बाद उन्होंने यह फैसला लिया है।



पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी सितारों ने इस घटना की निंदी की है और वे इस मुश्किल घड़ी में घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ खड़े हैं। देश के साथ खड़े हैं। इस घटना के बाद अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस से साझा की है।

### बतौर अतिथि हिस्सा लेने वाली थीं अंकिता

अंकिता लोखंडे मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025 में हिस्सा लेने जाने वाली थीं। वे यहां बतौर अतिथि आमंत्रित की गई थीं और शो में विनर की क्राउनिंग सेरेमनी उन्हीं के हाथों होनी थी। मगर, पहलगाम में हुई दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के बाद अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। हालांकि, इसे स्थाई रूप से रद्द नहीं किया गया। बता दें कि यह इवेंट 11 मई 2025 को डलास, टेक्सास में आयोजित होने वाला था।

# खुद पता नहीं होता क्या कर रहा हूं

सैफ अली खान ने अपने करियर में अब तक कई फिल्में की हैं। हाल ही में वह ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'ज्वेल थीफ' में नजर आए। इस फिल्म में जयदीप अहलावत ने भी एक अहम किरदार निभाया। इस फिल्म की शूटिंग का पहले दिन का एक्सपीरियंस सैफ के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा। उस दिन क्या महसूस कर रहे थे अभिनेता, जानिए। पिछले दिनों एक इंटरव्यू में सैफ कहते हैं, 'मुझे 'ज्वेल थीफ' की शूटिंग का पहला दिन याद है। मैं पहली बार जयदीप से भी मिला। हमने शूटिंग शुरू की। ईमानदारी से कहूं तो कभी-कभी मुझे नहीं पता होता कि मैं क्या कर रहा हूं? उस दिन भी मैं थोड़ा नर्वस था, थोड़ा थका हुआ था, थोड़ा खोया हुआ भी था।' सैफ आगे कहते हैं, 'फिल्म 'ज्वेल थीफ' में एक सीन था, जहां पर जयदीप अहलावत के कैरेक्टर के कुछ डॉग्स के साथ एक्ट करना था। डॉग्स काफी बड़े थे। ट्रेनर ने कहा कि मैं इनके साथ खेल सकता हूं। मैंने भी बिस्कुट खिला दिए, अचानक डॉग्स एग्रेसिव हो गए क्योंकि मैंने उन्हें थोड़ा खींच दिया। इसके बाद ट्रेनर ने ऐसा ना करने की सलाह दी।' सैफ बताते हैं कि किसी तरह से यह सीन ओके हुआ।



# किलर कॉमेडी हाउसफुल 5 में होगा खूनी खेल!

➢ टीजर ने बढ़ाया सस्पेंस



**प्रोड्यूसर** साजिद नाडियाडवाला की सबसे बड़ी हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं फिल्म आने वाली है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच हाउसफुल 5 के मेकर्स ने फिल्म का धांसू टीजर रिलीज कर दिया है, जिसे देख यह बात तो साफ है कि दर्शकों को एक बार फिर कॉमेडी का ओवरडोज मिलने वाला है। टीजर की शुरुआत में एक क्रूज समंदर के बीच चलता नजर आता है। इस पर फिल्म की पूरी स्टारकास्ट सवार है। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है। अचानक झूमर के ऊपर से एक लाश आकर गिरती है। मर्डर करने वाला हत्यारा मास्क पहने नजर आता है। कौन है ये हत्यारा? इस पर सस्पेंस है। इस टीजर को देख फैंस काफी उत्साहित हैं। यानी यह हॉरर कॉमेडी अब एक मर्डर मिस्ट्री भी होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठ गया है। इस टीजर को अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा- आज से 15 साल पहले...पागलपन शुरू हुआ! भारत की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी 5वीं फिल्म के साथ वापस आ गई है, और इस बार यह सिर्फ खलबली और कॉमेडी नहीं है... बल्कि एक किलर कॉमेडी है! यहां पेश है हाउसफुल 5 का टीजर! फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद हाउसफुल 2 आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। 2016 में हाउसफुल 3 रिलीज हुई, जिसे साजिद और फरहाद ने निर्देशित किया। 2019 में हाउसफुल 4 पर्दे पर रिलीज हुई। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया। अब हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# आंध्र प्रदेश में बना साउथ अभिनेत्री सामंथा का मंदिर

सामंथा रूथ प्रभु के जन्मदिन पर उनके एक समर्पित प्रशंसक ने उनके सम्मान में आंध्र प्रदेश में एक मंदिर बनवाया, जिसकी झलक सोशल मीडिया पर सामने आई है। साउथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बाद अब जानकारी आई है कि सामंथा रुथ प्रभु का भी मंदिर उनके एक फैन ने बनवाया है। दरअसल, यह मंदिर तो तीन साल पहले ही बन गया था, लेकिन अब यह बात सोशल मीडिया पर सामने आई है।

**तीन साल पहले ही बन चुका है सामंथा के नाम का मंदिर**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा के प्रशंसक तेनाली संदीप ने सामंथा के मंदिर का अनावरण किया और उस दिन उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया। यह सभी कुछ तेनाली ने सामंथा



के प्यार में किया है। इसके बाद तेनाली ने गरीब बच्चों के साथ सामंथा के 38वें जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें इस तरह से अपना प्यार दर्शाया।

**कौन है सामंथा का फैन तेनाली:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेस से बात करते हुए, तेनाली ने इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा, मेरा नाम तेनाली संदीप है। मैं आंध्र प्रदेश के बापटला में अलापडु ग्रामम से हूं। मैं सामंथा गारू का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

मैं पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने तब यह मंदिर भी बनवाया था। आज मंदिर के तीन साल हो गए हैं। हर साल, मैं बच्चों को खाना खिलाता हूं और उस दिन केक काटता हूं। उनका परोपकार मुझे प्रेरित करता है और मैं उनके पदचिन्हों पर चलना चाहता हूं।

# क्या प्रीति जिंटा राजनीति में कर रही एंट्री?



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस प्रीति जिंटा के राजनीति में शामिल होने को लेकर कई अफवाहें चलती रहती हैं। अब इस मामले में अभिनेत्री ने जवाब दिया है। जानिए एक्ट्रेस ने क्या खुलासा किया। क्या वो राजनीति में शामिल होंगी या नहीं? एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने अपने एक्स अकाउंट पर यूजर्स द्वारा कुछ भी सवाल करने वाला सेशन चला रखा है। इसी पर उनसे कई तरह के सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। एक यूजर ने प्रीति जिंटा से राजनीति से जुड़ा सवाल पूछा, 'क्या आप आने वाले समय में भाजपा में शामिल होंगी? पिछले कुछ महीने के ट्वीट्स देखकर ऐसा ही लगता है।' इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा कि सोशल मीडिया यूजर्स के साथ यही समस्या है कि वो बहुत जजमेंटल हो जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि मंदिर या महाकुंभ जाना उनके लिए गर्व की बात है, इसका मतलब ये नहीं वो राजनीति या भाजपा में शामिल हो रही हैं।

अभिनेत्री ने उसी ट्वीट के जवाब में आगे लिखा कि जबसे वो भारत के बाहर रह रही हैं, तो उन्हें भारत के प्रति और लगाव हो गया है क्योंकि विदेश में उन्हें अपने देश का असली महत्व समझ में आता है। इस कारण वह भारत की चीजों को और संजोकर रखती हैं। आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने साल 2016 में जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिसके बाद प्रीति जिंटा लॉस एंजिलस चली गई थी और एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था।

# हाउसफुल 5 का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात

अभिनेता संजय दत्त इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेता ने 'द भूतनी' के बाद अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर बात की और बताया कि वो कॉमेडी से लेकर एक्शन तक अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में नजर आएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वो इस तरह की फिल्मों का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं।



'द भूतनी' के एक गाने के लॉन्च इवेंट में संजय दत्त शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इस फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने पहले कभी भी हॉरर-कॉमेडी फिल्म नहीं की है। 'द भूतनी' मेरा पहला अनुभव है और यह अनुभव काफी अच्छा रहा और मुझे पसंद आया। हमें उम्मीद है कि दर्शक 'द भूतनी' को पसंद करेंगे और सराहेंगे।

**एक्शन और कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे**

इस दौरान संजय दत्त ने अपनी आगामी फिल्मों 'हाउसफुल 5' और 'बागी 4' को लेकर भी बात की। ये दोनों ही फिल्में एक-दूसरे से बिल्कुल अलग जॉनर की हैं। इनके बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मैं हाउसफुल 5 कर रहा हूं, यह एक और क्रेजी कॉमेडी है। जबकि बागी 4 एक एक्शन और इमोशन से भरपूर फिल्म है। इसलिए मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इस तरह के अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'रॉयल्स' से पहले इन वेब सीरीज में नजर आए ईशान, फिल्मों में भी दिखा अदाकारी का हुनर



शाहिद कपूर के सौतेले भाई ईशान खट्टर ने आठ साल पहले बॉलीवुड में डेब्यू किया। इतने छोटे से करियर में इस एक्टर ने बॉलीवुड फिल्म, अमेरिकन सीरीज से लेकर हिंदी वेब सीरीज की दुनिया में अलग-अलग तरह का काम कर लिया है। जानिए, ईशान खट्टर ने किन वेब सीरीज और फिल्मों में अभिनय किया है। जल्द ही ईशान खट्टर हिंदी वेब सीरीज 'रॉयल्स' में नजर आएंगे। इस सीरीज में यह एक्टर भूमि पेडनेकर के साथ रोमांस करता नजर आएगा। सीरीज में जीनत अमान, साक्षी तंवर जैसी मंझी हुई अदाकारा भी हैं। इस सीरीज के अलावा ईशान कुछ और वेब सीरीज और हिंदी फिल्मों का हिस्सा भी बने हैं। जानिए, ईशान खट्टर की उन वेब सीरीज, फिल्मों के बारे में।

**वेब सीरीज ए सूटेबल ब्वॉय**

मीरा नायर निर्देशित वेब सीरीज 'सूटेबल ब्वॉय' में ईशान खट्टर ने मान नाम का किरदार निभाया था। इस ब्रिटिश सीरीज में तब्बू, रासिका दुग्गल और राम कपूर जैसे कलाकार भी नजर आए। सीरीज में ईशान अपने किरदार के जरिए दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे।

**वेब सीरीज परफेक्ट कपल**

अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह जाते हैं। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसे हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज 'परफेक्ट कपल' में मिला। ईशान सीरीज में एक शूटर के रोल में थे।

**फिल्म 'धड़क'**

साल 2018 में हिंदी फिल्म 'धड़क' से ईशान ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस रोमांटिक फिल्म में जान्हवी कपूर, ईशान की हीरोइन थी। यह मराठी फिल्म 'सैराट' का रीमेक थी। शंशाक खेतान निर्देशित इस फिल्म में ईशान और जान्हवी ने दो प्रेमियों के रोल किए, जिनके प्यार की राह में समाज बाधा बनकर खड़ा हो जाता है।

# '2000 लड़कों में से एक क्यूट बंदा ढूंढकर उसे डेट किया था'



**पलक तिवारी ने हाल ही में एक हैरान कर देने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने एक लड़के के लिए 2000 लोगों की प्रोफाइल खंगाली।**

बॉलीवुड की अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म द भूतनी 1 मई को रिलीज होने वाली है। इसको लेकर वह चर्चा में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मौनी रॉय भी हैं। पलक तिवारी इब्राहिम अली खान के साथ रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं, हालांकि दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया।

**पलक तिवारी को मिला था सबसे क्यूट बंदा**

पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।

**2000 लोगों में से उसे ढूंढा**

पलक ने कहा एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया। वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी।

**संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 का आयोजन**

# भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के अवशेष वियतनाम पहुंचे वेसाक पर्व पर 21 मई तक 30 लाख श्रद्धालु कर सकते हैं दर्शन

एजेंसी ▶▶ हनोई

भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को वियतनाम पहुंचें। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 के मौके पर किया गया है। वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है।

बता दें कि इस पवित्र अवशेष को केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल लेकर वियतनाम पहुंचा। जहां एक धार्मिक समारोह हुआ, फिर एक भव्य जुलूस के साथ इसे थान ताम पगोडा ले जाया गया, जहां इसे आम जनता के दर्शन के लिए रखा गया है। इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिया, जिसमें बताया गया कि भारत से पवित्र बुद्ध अवशेष वियतनाम पहुंच गए हैं।

इन्हें पहले वियतनाम बौद्ध यूनिवर्सिटी के बुद्ध हॉल में लाया गया और फिर भव्य जुलूस के साथ थान ताम पगोडा में सार्वजनिक दर्शन के लिए रखा गया है। साथ ही हो ची मिन्ह सिटी में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण है।

वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है | वियतनाम में बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप मानते हैं




### यात्रा शांति का प्रतीक

केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर वियतनाम जाना आत्मा को छू लेने वाला अनुभव है। यह यात्रा शांति, करुणा और एकता का प्रतीक है। अवशेष 2 से 21 मई 2025 तक वियतनाम में रहेंगे। इस यात्रा में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कंदुला दुर्गेश और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### भारत और वियतनाम के रिश्ते गहरे होंगे

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 2 मई से 21 मई 2025 तक वियतनाम के अलग-अलग शहरों में रखी जाएंगी। इस दौरान 30 लाख से ज्यादा लोग इनके दर्शन करने पहुंच सकते हैं। यह आयोजन भारत और वियतनाम के रिश्तों को और गहरा करने के साथ-साथ दुनियाभर में शांति और सद्भाव का संदेश भी देता है।



### आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा में मिले थे अवशेष

बता दें, यह पवित्र अवशेष सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार में विराजित है और आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा से खुदाई में मिला था। माना जाता है कि यह अवशेष 246 ईस्वी से भी पहले का है। आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने कहा कि वियतनाम एक बौद्ध-बहुल देश है और यहां बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप माना जाता है। यह आयोजन वेसाक दिवस और वियतनाम के राष्ट्रीय दिवस के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और वियतनाम में दूसरी-तीसरी शताब्दी के बौद्ध अवशेषों में ऐतिहासिक समानताएं हैं और एक विशेष प्रदर्शनी के जरिए इन साझा विरासतों को भी दिखाया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### डल झील में पलटा शिकारा, बचाव कार्य शुरू

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में स्थित डल झील में बड़ा हादसा हो गया है। शुक्रवार यानी 2 मई की शाम को एक शिकारा तेज हवा की वजह से पलट गया है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लोग पानी में डूबने से बचने के लिए मदद की गुहार लगाते दिख रहे हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय प्रशासन को सूचना मिलते ही तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। शिकारा पलटते ही अफरा-तफरी मच गई।



### हाईवे पर ट्रक पलटा,300 गाड़ियों को नुकसान

सिडनी। शुक्रवार की सुबह एक ट्रक ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक पर 750 किलोग्राम नुकीला धातु का मलबा फैला दिया, जिससे शहर की ओर जाने वाली लेन बंद करनी पड़ी। सड़क पर पड़े नुकीले धातु की वजह से सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। न्यू साउथ वेल्स राज्य पुलिस ने कहा कि यह घटना सुबह के समय एम1 पैसिफिक मोटरवे पर हुई और इस घटना में 300 से अधिक वाहनों के टायर क्षतिग्रस्त हो गए। एम1, एक मालवाहक और यात्री मार्ग है जो सिडनी के उत्तर में है।



### अगले हफ्ते पृथ्वी पर गिरेगा अंतरिक्ष यान

वॉशिंगटन। 1972 में सोवियत संघ द्वारा शुक्र ग्रह के लिए भेजा गया एक पुराना अंतरिक्ष यान कोसमोस 482 अनियंत्रित होकर धरती पर लौट रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह घटना मई के पहले दो हफ्तों में हो सकती है, संभवतः 10 मई के आसपास। तकनीकी खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं जा सका और तब से लगभग 53 वर्षों से पृथ्वी की अंडाकार कक्षा में चक्कर लगा रहा है। यह यान 51.7 डिग्री उत्तर और दक्षिण अक्षांश के बीच दुनिया के किसी भी हिस्से में गिर सकता है।



---

**पहलगाम आतंकी घटना पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो की तीखी प्रतिक्रिया**

# 'इस्लाम' आतंक की तालीम नहीं देता, हम 'आतंकवाद' के खिलाफ... भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

पहलगाम आतंकी हमले की वैश्विक नेताओं ने व्यापक निंदा की है। साथ ही लोग भारत के साथ एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। साथ ही आतंकवाद की निंदा की गई। पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के 50 से अधिक शहरों में हमले की निंदा करते हुए स्मारक सभाएं और सामुदायिक प्रार्थना सभाएं हुईं हैं। पहलगाम आतंकी हमले की इंडोनेशिया ने भी निंदा की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकी हमलों की तालीम नहीं देता है। हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं।

### ब्रिटेन ने की भारत और पाक से तनाव कम करने की अपील

लंदन में ब्रिटिश संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में "कश्मीरः बढ़ता तनाव" के मुद्दे पर बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के सदस्यों ने "भयानक हमले" की निंदा की और क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर लेबर पार्टी सरकार का रुख जानना चाहा। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री लॉर्ड रे कोलिन्स ने सरकार की ओर से बताया कि रविवार को विदेश मंत्री (डेविड लैमी) ने भारतीय विदेश मंत्री और पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री दोनों से बात की।

**आतंकी हमले पर विश्व के 50 से अधिक शहरों में निंदा व प्रार्थना सभाएं हुईं**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी

आतंकवादियों को हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए



### इंडोनेशिया में सर्वाधिक मुस्लिम रहते हैं

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए हमें हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मुझे बुलाकर बात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चिंता जताई। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

### पाक ने एलओसी पर फिर तोड़ा संघर्ष विराम, भारत ने दिया जवाब

नई दिल्ली। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। अधिकारी के अनुसार, 01-02 मई की रात पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया।

### भारत ने आईएमएफ से कहा पाक के लोन की करें समीक्षा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड की बैठक 9 मई को होने जा रही है। इसी बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पाकिस्तान 1.3 अरब डॉलर के समझौते का रिव्यू भी लिया जाना है। इससे पहले भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान को दिए गए अपने ऋणों की समीक्षा करने को कहा है। समीक्षा के विपरीत परिणाम मिलने पर आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच 7 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज पर बन रही बात बिगड़ सकती है।

**पाक वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने को मजबूर**

*भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ऐलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे 70 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।*

### यूएस में कश्मीरी हिंदू बोले- वैश्विक शक्तियां उठाएं सख्त कदम

ह्यूस्टन। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं ने आतंकी घटनाओं के प्रति जवाबदेही को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बढ़ रहे आतंकवाद को रोकने के लिए वैश्विक शक्तियां सख्त कदम उठाएं। इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय सजावल ने कहा कि भारत में आतंकवाद को आंतरिक समर्थन भी मिल रहा है। कई भूमिगत कार्यकर्ता हैं, जो चुपचाप आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देते हैं। ओक्लाहोमा में रहने वाले शिक्षाविद् पद्मश्री डॉ. सुभाष काक ने कहा कि पाकिस्तान के साथ केवल राजनयिक संबंध तोड़ना या व्यापार पर रोक लगाना ही पर्याप्त नहीं है। ह्यूस्टन में रहने वाले कश्मीरी पंडित अमित रैना ने कहा कि हमारे लिए यह एक बार-बार आने वाला बुरा सपना है। अमरनाथ, वंधामा, नादिमर्ग जैसी घटनाएं बार-बार दोहराई जाती हैं।

---

**भारत और ईयू के बीच बनी सहमति**

# मुक्त व्यापार समझौते पर इस साल के अंत तक करेंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए अपनी साझा सहमति व्यक्त की है। ब्रसेल्स में बैठक के बाद शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान की भावना से लंबित मुद्दों को सुलझाने के अपने उद्देश्य को दोहराया। इसमें 12-16 मई को नई दिल्ली में होने वाली अगली बैठक भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि यह प्रतिबद्धता पीएम नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के दिल्ली दौरे के दौरान दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है।

### अर्थव्यवस्था के विकास के लिए गहरी साझेदारी

गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ मेरी बातचीत प्रोडक्टिव रही। हमने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता को समाप्त करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जैसे-जैसे हम अपनी वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा ध्यान व्यवसायों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने, विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हमारी अर्थव्यवस्थाओं के विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारी साझेदारी को गहरा करने पर है। हमने इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार समझौते को आकार देने में निवेश और गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की।

### व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति रही


पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए टैरिफ चर्चाओं के साथ-साथ गैर-टैरिफ बाधाओं (एनटीबी) पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल ट्रांजिशन का समर्थन कर विविध और मजबूत सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर ग्लोबल कॉमर्स की उभरती वास्तविकताओं को दर्शाने की आकांक्षा रखता है। दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार संपन्न होने के बाद यह समझौता व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक ट्रांसफोर्मेटिव पिलर के रूप में काम करेगा, बाजार पहुंच को बढ़ाएगा, इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

---

**हार्वर्ड पर ट्रंप का बड़ा एक्शन**

# यूनिवर्सिटी को अब नहीं मिलेगी टैक्स छूट, बोले- वो इसी लायक

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उनका प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स-छूटका दर्जा समाप्त करने जा रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम हार्वर्ड का टैक्स-छूट दर्जा समाप्त करने जा रहे हैं। वो इसी लायक हैं। इस कदम को हार्वर्ड और ट्रंप प्रशासन के बीच चल रहे विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर विविधता, समानता और समावेशनपहलों को लेकर दबाव बनाया है, जिन्हें प्रशासन नस्लीय भेदभाव के रूप में देखता है। वहीं, ट्रंप ने ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद की भी जिम्मेदारी दे दी है। वाल्ट्ज को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब उन्होंने गलती से एक पत्रकार को उस चैट ग्रुप में जोड़ लिया। , जिसमें सीक्रेट मिलिट्री प्लानिंग पर चर्चा हो रही थी। यह एक बड़ी राजनीतिक चूक थी और माना जा रहा है कि यह मुद्दा उनके संयुक्त राष्ट्र पद की पुष्टि के दौरान उठ सकता है।



---

*सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए भारत सरकार ने दिया उचित कार्रवाई का भरोसा*

# केआईआईटी विश्वविद्यालय में नेपाली छात्रा की मौत पर भारत ने जताया दुख

नई दिल्ली

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में बीते करीब तीन महीने से भी कम समय में हुई नेपाल की दूसरी छात्रा की मौत के मामले पर शुक्रवार को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें मामले पर गहरा दुख जताते हुए कहा है कि हम मुश्किल की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें कहा कि इस दुखद घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद से वह (मंत्रालय) लगातार ओडिशा सरकार के संपर्क में है, उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, राज्य की पुलिस का कहना है कि नेपाल की 18 वर्षीय बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा का शव बीते 1 मई की शाम को केआईआईटी छात्रावास के कमरे से बरामद किया गया है। आगे की जांच जारी है। यहां बता दें कि पूर्व में इसी साल 16 फरवरी को विश्वविद्यालय की ही एक अन्य छात्रा प्रकृति लामसाल ने आत्महत्या कर ली थी।

### सभी पहलुओं पर जांच जारी




मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में भारत सरकार यह सुनिश्चित करने में लगी हुई है कि घटना से जुड़े हुए सभी पहलुओं को लेकर उचित कार्रवाई की जाए। वहीं, नेपाल सरकार की तरफ से भी मामले से जुड़े सभी कारणों की पड़ताल के लिए जांच शुरू कर दी गई है। ओडिशा सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश की पुलिस द्वारा मामले से जुड़े हर पहलू पर व्यापक रूप से जांच की जा रही है।

### वैश्विक छात्रों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारीः सरकार

मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी को बेहद गंभीरता से लेती है। हम मामले को लेकर समयबद्ध रूप से संचार के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए नेपाली प्राधिकारियों के अलावा ओडिशा राज्य सरकार और केआईआईटी विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ निकट संपर्क में बने हुए हैं।

---

*227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला, वाला ऑडियो वायरल*

# ऑडियो क्लिप मामले में बढ़ी शेख हसीना की मुश्किलें, कारण बताओ नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीसी) ने शेख हसीना और उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक ऑडियो क्लिप के आधार पर न्यायमूर्ति मुर्जता मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने ये आदेश पारित किया है। शेख हसीना पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और धमकियां देने के आरोप लगे हैं। आईसीटी में अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने बताया कि हसीना और प्रतिबंधित छात्र लीग (बीसीएल) नेता शकील आलम बुलबुल को 15 मई तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप सामने आया, जिसमें कथित तौर पर बांग्लादेश की पूर्व पीएम कह रही हैं, 'मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला है। मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज किए गए हैं।' वकील तमीम ने बताया कि आईसीटी ने क्लिप की फॉरेंसिक जांच के बाद ये नोटिस जारी किया है।



आईसीसी ने नारायणगंज में पिछले साल जुलाई में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोपी 8 व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आईसीटी के मुख्य अभियोजक मुहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा कि आरोपी क्रूर हमलों में शामिल थे।

---

**जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर फुकुशिरो ने पहलगाम में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की**

# आतंकवाद वैश्विक चुनौती है, लोकतांत्रिक देशों को कार्रवाई करनी चाहिएः बिरला

नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद की समस्या को समाप्त करने के लिए शांति, सुरक्षा और विधि के शासन के प्रति साझी प्रतिबद्धता वाले सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर कार्यवाही करनी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद ऐसी गंभीर वैश्विक चुनौती है जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे सभी देशों के लिए खतरा है। बिरला ने यह भी कहा कि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और लोकतांत्रिक देशों के मूलभूत मूल्यों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के सम्मान और परस्पर विश्वास की भावना के साथ सामूहिक और कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ।

बिरला ने ये टिप्पणियां शुक्रवार को संसद भवन परिसर में जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर, नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए जापानी संसदीय शिष्टमंडल के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं।



### आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन का आश्वासन दिया

क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत और जापान के बीच साझेदारी का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के बारे में हमारी चिंताएँ और दृष्टिकोण एक समान हैं। बिरला ने आगे कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित हमारे संबंध दोनों देशों के परस्पर लाभ और प्रगति के साथ ही इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में इस मित्रता ने रणनीतिक और वैश्विक सहयोग का रूप ले लिया है। बिरला ने भारत के 50,000 से अधिक कुशल कर्मियों को जापान में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए जाने के जापान के प्रस्ताव का भी स्वागत किया। उन्होंने जापान में भारतीय छात्रों को अधिक अवसर प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग के आश्वासन के लिए जापान का आभार व्यक्त किया ।

### जापान के संसदीय शिष्टमंडल ने संसद भवन परिसर में स्पीकर से मुलाकात की

नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन की पुष्टि की। बिरला ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मामले में भारत के साथ खड़े रहने के लिए जापान के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, भारत और जापान की मित्रता विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,